त्यौहार छोड़ व्यापारियों की समस्या सुनने पहुंचे कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, सुपेला अंडर ब्रिज को लेकर रेलवे के अधिकारियों से की चर्चा, व्यापारियों के साथ पूरे मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

कलेक्टर की अपील पर मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत व्यापारी भी आये आगे , आकाशगंगा मार्केट में बनाएंगे एंट्री गेट

भिलाई नगर/ आज धनतेरस के दिन त्यौहार को छोड़कर कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा और निगमायुक्त रोहित व्यास व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अकाश गंगा मार्केट क्षेत्र रात्रि में पहुंचे। व्यापारियों ने कलेक्टर को अंडर ब्रिज निर्माण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया , इस पर कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं इससे संबंधित अधिकारियों के साथ इसकी विस्तृत समीक्षा कर समाधान का प्रयास करेंगे। व्यापारियों के साथ कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने पूरे मार्केट क्षेत्र का दौरा किया , उत्तर गंगोत्री, दक्षिण गंगोत्री, अकाश गंगा के सभी स्थानों पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कहा कि पुलिसिया विजिटिंग भी मार्केट क्षेत्रों में जरूरी है , अंधेरे जगह एवं खाली स्थानों पर विशेष नजर रखें। कलेक्टर के निर्देश पर आकाशगंगा में हाल ही में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था निगम एवं व्यापारियों के सहयोग से की गई है जहां पर वाहने खड़ी की जा रही हैं, ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिला है , इस स्थल पर पड़े हुए कुछ कबाड़ को हटवाने के निर्देश उन्होंने दिए। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत कलेक्टर ने शहरवासियों से अपील की थी, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने मिल रहा है व्यापारी संघ ने आज कलेक्टर को बताया कि वह इस थीम के तहत् स्वयं के खर्चे से आकाशगंगा के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण करेंगे। निरीक्षण के दौरान व्यापारी संघ एवं व्यापारी गण , रेलवे के अधिकारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।